आस्था | तुलसी की 108 परिक्रमा की, सोमवती अमावस्या पर उमड़ा आस्था का सैलाब, माहिष्मती घाट सहित मंदिरों में किया विधि-विधान से पूजन

पति की दीर्घायु एवं परिवार के लिए सुहागिनों ने मांगा आशीर्वाद

मंडला। जिले सहित ग्रामीण अंचलों में सोमवार को सोमवती अमावस्या का पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष और पवित्र दिन पर सुहागिन महिलाओं ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और पति की लंबी उम्र के लिए उपवास रखा और पवित्र देव स्थानों पर जाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

सोमवती अमावस्या के अवसर पर सुबह से ही माँ नर्मदा के माहिष्मती घाट, संगम घाट, गऊ घाट, समेत सभी नर्मदा तटों और धार्मिक स्थलों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सोमवार सुबह से ही महिलाओं में पूजा-पाठ को लेकर खासा उत्साह नजर आया। अलग-अलग समूहों में एकत्रित होकर महिलाओं ने पूरी श्रद्धा और भाव के साथ आराधना की।

इस पावन दिन पर महिलाओं ने व्रत रखकर विशेष अनुष्ठान किए। पूजन के दौरान महिलाओं ने धूप, दीप, रोली, अक्षत और नैवेद्य अर्पित कर प्रभु का आशीर्वाद लिया। बताया गया कि सोमवती अमावस्या के निमित्त महिलाओं ने सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना के साथ आंवला, तुलसी और अन्य पवित्र वृक्षों की 108 बार परिक्रमा की और रक्षा सूत्र बांधा।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सोमवती अमावस्या के दिन मौन रहकर और विधि-विधान से पूजा और परिक्रमा करने से जीवन में आने वाली सभी अदृश्य बाधाएं दूर होती हैं। ऐसा करने से परिवार में सुख-शांति का वास होता है, धन-धान्य की प्राप्ति होती है और पितरों का आशीर्वाद भी मिलता है। यही कारण है कि सुबह से ही नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के पूजा स्थलों पर महिला उपासकों का तांता लगा रहा।

सिद्धेश्वर धाम में हुआ महाअनुष्ठान

मंडला। जिले के सुरंगदेवरी स्थित सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक केंद्र श्री सिद्धेश्वर धाम में सोमवती अमावस्या पर भव्य हवन-पूजन और विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इस दुर्लभ संयोग पर आयोजित महाअनुष्ठान में मंडला जिले सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और पुण्य लाभ कमाया। सिद्धेश्वर धाम के साईं भक्त पंडित ललित नारायण मिश्रा के सानिध्य में सुबह तड़के 5 बजे से ही धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला शुरू हो गया। इस दौरान मुख्य यजमानों सहित उपस्थित श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालीं। धाम के शिष्यों ने बताया कि श्री सिद्धेश्वर धाम में समय-समय पर ऐसे जन-कल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते हैं। सुबह 5 बजे सिद्धेश्वर धाम के समीप विराजित संकटमोचन श्री हनुमान महाराज के दरबार में शुरू हुए इस अनुष्ठान का समापन भव्य महाआरती के साथ हुआ। कार्यक्रम के सफल समापन के बाद सभी भक्तों को विशेष महाप्रसाद वितरित किया गया।

फलों से सजा सूर्यकुंड धाम का हनुमान मंदिर

मंडला। ग्राम सकवाह के अंतर्गत आने वाला सुप्रसिद्ध सूर्यकुंड धाम आस्था और आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यहाँ स्थित प्राचीन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर सूर्यकुण्ड महाआरती भंडारा समिति सकवाह द्वारा एक भव्य फल चढ़ावा समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर श्रद्धालुओं ने दक्षिणमुखी श्री हनुमान जी महाराज के दरबार को विभिन्न प्रकार के मौसमी फलों से बेहद आकर्षक ढंग से सजाया। बताया गया कि सूर्यकुण्ड महाआरती भंडारा समिति सकवाह के सदस्यों और श्रद्धालुओं ने मिलकर आम, तरबूज, केला, सेब सहित कई तरह के मौसमी फलों से श्री हनुमान जी को भोग लगाया और पूरे मंदिर परिसर को फलों से पाट दिया। जैसे ही इस अनोखे शृंगार की खबर फैली, आस-पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए सूर्यकुंड धाम पहुंचने लगे। फल चढ़ावा समारोह के साथ ही मंदिर परिसर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी किया गया।

आज शाम महाआरती के बाद होगा प्रसाद का वितरण- सूर्यकुण्ड महाआरती भंडारा समिति सकवाह के मीडिया प्रभारी कमल किशोर कछवाहा ने बताया कि सोमवार से शुरू हुए इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन मंगलवार को किया जाएगा। मंगलवार की संध्या को आयोजित होने वाली विशेष महाआरती के बाद मंदिर को सजाने में उपयोग किए गए सभी फलों को उपस्थित श्रद्धालुओं और भक्तों के बीच प्रसाद स्वरूप वितरित किया जाएगा।

जाग्रति श्रीवास्तव ने संभाला प्राचार्य का प्रभार

मंडला। जनजातीय कार्य विभाग में लंबे शैक्षणिक अनुभव और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली वरिष्ठ शिक्षाविद श्रीमती जाग्रति श्रीवास्तव को माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर, चटुआमार मंडला में प्राचार्य प्रथम श्रेणी के पद पर पदस्थ किया गया है। आदेश के परिपालन में उन्होंने 15 जून को संस्था में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया।

पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद नवागत प्राचार्य श्रीमती जाग्रति श्रीवास्तव ने विद्यालय परिसर में स्थित माँ सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजन-अर्चन किया। इसके बाद उन्होंने संपूर्ण विद्यालय परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने समस्त शिक्षक स्टाफ की बैठक ली और सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी, निष्ठा और समयबद्धता के साथ करने के कड़े निर्देश दिए।

बोर्ड परीक्षा 2027 में 100 प्रतिशत परिणाम के लिए बनेगी रणनीति- श्रीमती जाग्रति श्रीवास्तव ने कार्यभार संभालते ही विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को लेकर अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कर दी हैं।

उन्होंने स्टाफ के साथ आगामी बोर्ड परीक्षा 2027 को लेकर विस्तृत चर्चा की। प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि आगामी बोर्ड परीक्षा में विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहे, इसके लिए एक विशेष कार्ययोजना के तहत काम किया जाएगा। कमजोर छात्राओं के स्तर में सुधार लाने के लिए विद्यालय में नियमित रूप से रेमेडियल क्लास लगाई जाएंगी। कार्यभार ग्रहण करने के दौरान बोर्ड परीक्षा समिति और विद्यालय स्टाफ द्वारा बुके एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर नवागत प्राचार्य का आत्मीय स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य जन उपस्थित रहे।

रपटा घाट में डूबे तीन युवक, दो को बचाया गया, एक की मौत

प्रशासन के सुरक्षा इंतजामों पर फूटा लोगों का गुस्सा

मंडला। जिला मुख्यालय के रपटा घाट पर सोमवार सुबह सोमवती अमावस्या के दिन नर्मदा स्नान के लिए पहुंचे एक 18 वर्षीय युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। वहीं उसके दो अन्य साथियों को स्थानीय लोगों और मछुआरों की तत्परता से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस दुखद घटना के बाद त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं और घाट पर मौजूद लोगों ने प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

जानकारी अनुसार बिंझिया निवासी भरत पटेल 18 वर्ष सोमवार सुबह अपने चार-पांच दोस्तों के साथ सोमवती अमावस्या के अवसर पर नर्मदा स्नान करने रपटा घाट आया था। सुबह से ही घाट पर हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा थी। स्नान करने के दौरान भरत और उसके दो साथी एनीकट के ढलान वाले संवेदनशील हिस्से की ओर चले गए, जहाँ अचानक पैर फिसलने के कारण तीनों गहरे पानी में समाने लगे और डूबने लगे।

अस्पताल ले जाते समय भरत ने तोड़ा दम-युवकों को पानी में डूबता देख घाट पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय मछुआरों ने तुरंत नदी में छलांग लगा दी। कड़े प्रयास के बाद दो युवकों को तो सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन भरत पटेल पानी में लापता हो गया। दोस्तों द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद जब सफलता नहीं मिली, तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

सांसें चल रही थीं पर नहीं बच सकी जान-सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कुछ ही देर में भरत को पानी से बाहर निकाल लिया गया। मृतक युवक के साथियों ने बताया कि जब उसे पानी से निकाला गया तब उसकी सांसें चल रही थीं। उसे अत्यंत गंभीर हालत में तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

इस दर्दनाक हादसे के बाद घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश देखा गया। लोगों का आरोप है कि सोमवती अमावस्या जैसे बड़े और संवेदनशील धार्मिक पर्व पर हजारों की भीड़ उमड़ने का अनुमान पहले से था, इसके बावजूद प्रशासन ने सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए थे।

बताया गया कि घाट के गहरे और खतरनाक क्षेत्रों में प्रभावी बैरिकेडिंग नहीं की गई थी। श्रद्धालुओं को सचेत करने के लिए पर्याप्त चेतावनी बोर्ड भी गायब थे। मौके पर त्वरित बचाव दल की कोई तैनाती नहीं थी। घटना के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है। मृतक भरत पटेल के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया गया। जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

क्षेत्रीय संयोजक ने किया पीएमश्री विद्यालय सिंगारपुर का निरीक्षण

मंडला। पीएम श्री विद्यालय सिंगारपुर का क्षेत्रीय संयोजक विष्णु सिंगौर द्वारा निरीक्षण किया गया। विद्यालय में कक्षा 1 से 12वीं तक अध्ययन-अध्यापन कार्य संचालित है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के कुल 22 विद्यार्थियों का ओटीआर (वन टाइम रजिस्ट्रेशन) शेष है, जो छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा बताया गया कि जिन विद्यार्थियों के आधार कार्ड अद्यतन नहीं हो सके हैं, उन्हीं का ओटीआर पंजीयन लंबित है। इस पर सभी पात्र विद्यार्थियों का ओटीआर पंजीयन शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्रबंधन ने नियमित भृत्य की पदस्थापना संबंधी विषय से भी अवगत कराया। विद्यालय में पदस्थ भृत्य श्रीमती सुमन बैरागी ने परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने के बावजूद परिवीक्षा समाप्ति आदेश जारी न होने की जानकारी दी। इस संबंध में विद्यालय प्रबंधन को आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर जिला कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। विद्यालय परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्रीवॉल की आवश्यकता भी बताई गई।

बिछिया के पड़रिया में खड़े ट्रक से टकराई कार, दो युवकों की मौत, दो गंभीर

नेशनल हाइवे पर फिर बरपा काल, टक्कर के बाद पलटी खाते हुए खेत में जा गिरी कार



भुआबिछिया,नवभारत। जिले के बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाइवे पर रविवार देर रात एक और दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां सड़क किनारे खड़े एक खराब ट्रक से तेज रफ्तार कार पीछे से सीधे जा टकराई। इस भीषण भिड़ंत में कार सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

बिछिया थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाइवे पर पड़रिया गांव स्थित गणेश पेट्रोल पंप के पास एक ट्रक खराब होने के कारण सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान बिछिया की ओर आ रही एक तेज रफ्तार टियागो कार अनियंत्रित होकर ट्रक के पिछले हिस्से से बेहद हिंसक तरीके से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और वाहन कई बार पलटी खाते हुए सड़क किनारे एक खेत में जा गिरा।

हादसे के बाद कार में सवार चारों लोग वाहन के मलबे में बुरी तरह फंस गए और चीख-पुकार मच गई। आवाज सुनकर स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देते हुए फंसे हुए लोगों को बाहर निकालने के काम में जुट गए। सूचना मिलते ही बिछिया थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से सभी को तत्काल बिछिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद बिछिया निवासी चंद्रप्रकाश मरावी 30 वर्ष और निखिल 24 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। वहीं इस हादसे में गंभीर रूप से घायल बालकिशन मरावी और भानू प्रताप का इलाज फिलहाल अस्पताल में जारी है।

हाइवे पर यमराज बन रहे बिना बैकलाइट के खड़े ट्रक- इस हादसे ने एक बार फिर नेशनल हाइवे पर भारी वाहनों की लापरवाही को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों का कहना है कि हाइवे पर किनारे खड़े होने वाले अधिकांश ट्रकों और भारी वाहनों की बैकलाइट या तो बंद रहती है या खराब होती है। रात के अंधेरे में तेज रफ्तार से आने वाले वाहन चालकों को यह अंदाजा ही नहीं हो पाता कि आगे कोई वाहन खड़ा है। जब तक चालक को वाहन के खड़े होने का पता चलता है, तब तक दुर्घटना हो चुकी होती है। क्षेत्र में होने वाली आधा सैकड़ा से अधिक दुर्घटनाओं की मुख्य वजह यही लापरवाही बनी हुई है।

शव परिजनों को सौंपे, जांच जारी-बिछिया थाना प्रभारी रंजीत सैयाम ने बताया कि सोमवार को दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उन्हें अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और दुर्घटना के सही कारणों की गहराई से जांच कर रही है।

विद्यार्थी परिषद का नगर कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग आयोजित

डॉ बीएल झरिया नगर अध्यक्ष वा उमंग राय बने नगर मंत्री

मंडला। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग मंडला पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस आरडीपीजी में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का विधिवत शुभारंभ ज्ञान की देवी माँ सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीपप्रज्वलन कर किया गया। नगर प्रशिक्षण वर्ग में विद्यार्थी परिषद के नगर के के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह वर्ग तीन सत्रो में आयोजित किया गया जिसमे कार्यपद्धित एवं दायित्व बोध विषय पर जिला संगठन मंत्री जितेंद्र यादव एवं कार्यकर्ता व्यवहार एवं परिसर कार्य विषय पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वागीश पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। सत्र के उद्घाटन एवं प्रस्ताविक सत्र में विद्यार्थी परिषद के जिला संगठन मंत्री जितेंद्र यादव,विभाग संयोजक प्रवीण ठाकुर एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वागीश पटेल उपस्थित रहे। अंतिम सत्र में सत्र 2026-27 की नगर कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष डॉ बीएल झरिया, नगर मंत्री उमंग राय, नगर उपाध्यक्ष प्रबल चौरसिया, जगदीश प्रजापति,अंशुल झारिया,नगर कोषाध्यक्ष अनुराग मिश्रा, नगर सह मंत्री आस्था सिंगरहा,अंकित वरकड़े,चिराग इसरानी, सविता उइके, नगर कार्यालय मंत्री कृष्ण बैरागी, नगर सेवार्थ विद्यार्थी प्रमुख राशि बरमैया, नगर विकासार्थ विद्यार्थी प्रमुख खुशबू बरमैया, नगर राष्ट्रीय कलामंच प्रमुख सोमती भावरे, नगर स्टडी सर्किल प्रमुख गजेंद्र पटेल, नागर महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख अविनाश, नगर विद्यालय कार्य प्रमुख आशुतोष तिवारी, नगर खेलो भारत प्रमुख संदीप नरेती, नगर कार्यकारणी सदस्य अंशु झरिया, निरंजन झरिया, चंचल नंदा को दायित्व दिया गया।

इस कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग ने जिला संगठन मंत्री जितेंद्र यादव, विभाग संयोजक प्रवीण ठाकुर, प्रदेश का समिति सदस्य वागीश पटेल, प्रांत सेवार्थ विद्यार्थी सह संयोजक प्रिंस सिंह,जिला संयोजक शिवा वरकड़े, शिवांग मार्को एवं नगर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सुशासन की पहल, विश्व पर्यावरण और योग दिवस के बीच नैनपुर में विशेष शिविर

दो दिनों में 159 हितग्राहियों को मिला त्वरित लाभ

नैनपुर। विश्व पर्यावरण दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नैनपुर नपा क्षेत्र में विशेष जन कल्याणकारी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 8 स्थित राम मंदिर परिसर में वार्ड क्रमांक 6, 7, 8, 9 और 14 के नागरिकों के लिए शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर की गई।

इस शिविर में नगर पालिका, तहसील, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, पीएचई, महिला एवं बाल विकास, सिविल अस्पताल, पशु चिकित्सालय, थावर परियोजना, कृषि विस्तार, विद्युत वितरण कंपनी, भारतीय स्टेट बैंक और सेंट्रल बैंक सहित कुल 12 विभागों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। शिविर में प्राप्त कुल 71 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर हितग्राहियों को त्वरित लाभ दिया गया। शिविर के दौरान अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी, अनुविभागीय अधिकारी आशुतोष ठाकुर और मुख्य नगर पालिका अधिकारी लक्ष्मण सिंह सारस द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई। दूसरे दिन वार्ड क्रमांक 3 स्थित जायसवाल धर्मशाला में वार्ड क्रमांक 1, 2, 3, 4 और 13 के लिए शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में प्रशासनिक सक्रियता के चलते 88 हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर उन्हें लाभान्वित किया गया। साथ ही 3 हितग्राहियों को अंत्येष्टि सहायता राशि प्रदान की गई। इन शिविरों को सफल बनाने में नैनपुर उपाध्यक्ष श्रीमती संजू लता वैष्णव, पार्षदगण राजाराम शर्मा, नितिन ठाकुर, पिंकी चौधरी, सुनील विश्वकर्मा, बीएमओ राजीव चावला, पूर्व पार्षद जयंत रंगारी, जुगल बघेल, धनपत विश्वकर्मा, सुभाष सेन, गणमान्य नागरिक सर्वश्री अंजनी तिवारी, कन्हैया चावला, सुधीर वन्देवार, कुलदीप डोंगरे, गणेश ककोड़िया, श्रीमती पुष्पा डोंगरे, श्रीमती रूपा श्रीवास्तव, श्रीमती किरण बर्मन, सुनील जघेला, दिनेश रजक सहित स्थानीय पत्रकार बंधु, उपयंत्री अभिलाष श्रीवास, राजस्व उप निरीक्षक प्रेम कुमार चौटेल, अरुण यादव एवं नगर पालिका व अन्य विभागों के कर्मचारियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई।

सफलता | नौकरी छोड़ खेती को चुना, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत बने मास्टर ट्रेनर

राजेंद्र सिंह ने प्राकृतिक खेती से बदली अपनी किस्मत

मंडला। राज्य शासन द्वारा किसानों की आय दोगुनी करने और पर्यावरण अनुकूल प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के प्रयासों के जमीनी परिणाम अब दिखाई देने लगे हैं। मंडला जिले के विकासखंड बिछिया के अंतर्गत ग्राम घुघरी के निवासी राजेंद्र सिंह पन्द्रे आज क्षेत्र के प्रगतिशील और सफल कृषकों में अपनी एक विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। ग्रामीण परिवेश से जुड़े स्नातकोत्तर एमए शिक्षित राजेंद्र सिंह ने पारंपरिक सोच से हटकर नौकरी के पीछे भागने की बजाय कृषि को अपनाकर आत्मनिर्भरता की एक नई मिसाल पेश की है।

शुरुआत में पारंपरिक खेती करने वाले राजेंद्र सिंह ने कृषि विभाग व आत्मा परियोजना के अधिकारियों से संपर्क किया। आत्मा योजना के विकासखंड तकनीकी प्रबंधक ओमवीर सिंह रघुवंशी के तकनीकी मार्गदर्शन और समय-समय पर किए गए फील्ड विजिट से राजेंद्र सिंह का खेती के प्रति दृष्टिकोण पूरी तरह बदल गया। उन्होंने विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर जैविक खेती, उन्नत बीज चयन, पोषक तत्व प्रबंधन तथा कीट नियंत्रण की आधुनिक व वैज्ञानिक तकनीकों को बारीकी से सीखा।

लागत कम, मुनाफा दोगुना-राजेंद्र सिंह ने अपने खेतों में नवाचार करते हुए पारंपरिक फसलों के साथ बाजार में ऊंचे दामों पर बिकने वाली चिया सीड एवं किनोवा जैसी सुपर फूड फसलों की खेती प्रारंभ की। उन्होंने अपने खेतों में रासायनिक खादों को पूरी तरह बंद करके जीवामृत, जैविक खाद, बहुफसली एवं मिश्रित खेती प्रणाली को अपनाया। इससे रासायनिक खादों पर होने वाला उनका भारी-भरकम खर्च लगभग समाप्त हो गया। खेती की लागत कम होने और प्रीमियम फसलों का उत्पादन बढ़ने से उनकी कृषि आय में दो गुना तक की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। राजेंद्र सिंह पन्द्रे की उत्कृष्ट क्षमता और समर्पण को देखते हुए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत उनके कृषि फॉर्म पर एक बायो रिसोर्स केंद्र की स्थापना की गई है।

कार्यालय नगरपालिका परिषद नैनपुर, जिला- मण्डला (म.प्र.)

Office of Municipal Council Nainpur, District - Mandla (M.P) Phone No. 07646-240106, Email ID - cmonanpur@mpurban.gov.in

NIT No. 901/PWD/NP/2026 — **निविदा सूचना** — Dtd. 15/06/2026

निम्नलिखित सामग्री प्रदाय हेतु ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
2026_UAD_515899_1 दि. 15/06/2026	नगर पालिका परिषद नैनपुर में फ्लेक्स बेनर, होडिंग, पम्पलेट्स, स्टीकर प्रिंटिंग कार्य	15 दिन 4,23,000/-	2,000/- 4,400/-	02/07/2026
2026_UAD_515900_1 दि. 15/06/2026	नगर पालिका परिषद नैनपुर में वॉल पेंटिंग एवं वॉल राईटिंग कार्य	15 दिन 4,23,000/-	2,000/- 4,400/-	02/07/2026

शर्त :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद नैनपुर

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद नैनपुर